# ''काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता–2026''

विश्व की सांस्कृतिक राजधानी काशी अपने गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, मंदिर, घाट, हस्तकला, विभिन्न त्योहार, विकास कार्य एवं अन्य कई विषयों के कारण प्रसिद्व है। काशी के नागरिकों को काशी के पर्यटन की जानकारी बेहतर हो और एक टूरिस्ट गाइड के रुप में काशी के प्रतिभावान व्यक्तियों को चिन्हांकित कर उनका सम्मान तथा उनका टूरिस्ट गाइड के रुप में उन्हें विकसित किया जाय। इसी कड़ी में ''**काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता–2026**'' का आयोजन लोक सभा वाराणसी क्षेत्र में दिनांक 16 से 24 जुलाई,2026 के मध्य किया जा रहा है।

- ''**काशी सांसद गाइड प्रतियोगिता**'' दो आयु कैटेगरी में आयोजित की जायेगी क्रमशः 14–18 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक, जिसमें सभी आयु वर्ग के काशी लोक सभा क्षेत्र के तीन विकास खण्ड काशी विद्यापीठ, आराजीलाइन्स, सेवापुरी एवं नगर निगम के समस्त पॉच जोन के व्यक्ति प्रतिभाग कर सकेगें।
- प्रतियोगिता मुख्य रुप से निम्न 10 थीम पर आयोजित की जायेगीः– 1– काशी के घाट, 2–श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर, 3– सारनाथ, 4–काशी का इतिहास, 5– काशी के त्यौहार, 6– काशी के हैन्डीक्राफ्ट, 7– काशी एवं धर्म, 8– काशी के संत(कबीर, तुलसीदास, रविदास आदि), 9– काशी एवं संगीत, 10– काशी के खानपान।
- प्रतियोगिता तीन इवेन्ट्स में आयोजित की जायेगी– 1– डेक्लेमेशन एवं प्रजेन्टेशन, 2– निबन्ध, 3–इन्स्टाग्राम पर रील मेकिंग।

1– **डेक्लेमेशन एवं प्रजेन्टेशनः**– प्रथम चरण विकास खण्ड एवं जोन स्तर पर दिनांक **16 से 17 जुलाई,2026** को आयोजित की जायेगी, जिसमें 14–18 वर्ष कम आयु वर्ग की प्रतियोगिता 16 जुलाई,26 को तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की प्रतियोगिता 17 जुलाई,26 को आयोजित होगी। प्रत्येक प्रतिभागी को संबन्धित थीम पर आधारित प्रजेन्टेशन हेतु अधिकतम 5 मिनट दिया जायेगा। प्रतियोगिता कुल 50 अंकों की होगी।

2– **निबन्धः**–प्रथम चरण विकास खण्ड एवं जोन स्तर पर दिनांक **16 से 17 जुलाई,2026** को आयोजित की जायेगी, जिसमें 14–18 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता 16 जुलाई,26 को तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की प्रतियोगिता 17 जुलाई,26 को आयोजित होगी। प्रतियोगिता में संबन्धित 10 थीम में से किसी एक थीम पर पर 250 शब्द का निबन्ध होगा।

3– **रील मेकिंगः**–सभी प्रतिभागी को **दिनांक** 16–22 जुलाई,2026 तक अपनी रील संबन्धित थीम का नाम लिखकर इन्स्टाग्राम **@varanasismartcity** को टैग कर रील अपलोड करनी होगी।

4–जनपद स्तर की फाइनल प्रतियोगिता **दिनांक 23 व 24 जुलाई,2026** को सिगरा स्टेडियम में आयोजित की जायेगी, जिसमें 14–18 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता 23 जुलाई,26 को तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की प्रतियोगिता 24 जुलाई,26 को आयोजित होगी।

5– प्रतियोगिता हेतु पंजीकरण की **अंतिम तिथि 15–07–2026** होगी।

उक्त प्रतियोगिता में पंजीकरण हेतु एक बेवसाइट https://kashisansadtouristguide.com विकसित की गयी है, जिस पर प्रतियोगिता की गाइडलाइन एवं अन्य विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। **प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु पंजीकरण प्रारम्भ है।** काशी संसदीय क्षेत्र के समस्त सम्मानित नागरिकों/आमजन को सूचित किया जाता है कि उक्त से अवगत होते हुए प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक व्यक्ति उक्त बेवसाइट पर अपना पंजीकरण करा सकते है।